आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 मंगलवार 08.10.2024

मुख्य समाचारः–

1– हरियाणा और जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना जारी–हरियाणा में भाजपा ने तीसरी बार सरकार बनाने के लिए निर्णायक बढ़त ली–वहीं, जम्मू–कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस आगे।

2– केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने आज नई दिल्ली में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात के दौरान आश्वस्त किया कि छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास से संबंधित प्रस्तावों को जल्द मंजूरी दी जाएगी।

3– राज्य निर्वाचन आयुक्त ने निकाय चुनाव तैयारियों की समीक्षा की– अधिकारियों को परिसीमन और आरक्षण की प्रक्रिया समय–सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

4– बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने चार माओवादियों को किया गिरफ्तार।

हरियाणा–जम्मू कश्मीर–मतगणना

हरियाणा और जम्मू–कश्मीर में विधानसभा चुनाव के तहत आज मतगणना चल रही है। ताजा प्राप्त समाचारों के अनुसार हरियाणा में नब्बे सीटों में से अड़तालीस सीटों पर भारतीय जनता पार्टी ने निर्णायक बढ़त हासिल कर तीसरी बार प्रदेश में सरकार बनाने की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। वहीं, कांग्रेस सैंतीस सीटों पर आगे है।

उधर, जम्मू–कश्मीर में नब्बे विधानसभा सीटों में से नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार बयालीस सीटों पर और भारतीय जनता पार्टी, उनतीस सीटों पर आगे हैं। वहीं, कांग्रेस छह सीटों पर बढ़त बनाए हुए हैं।

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर राजधानी रायपुर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा नेताओं ने जश्न मनाया। इस दौरान विजय जुलूस भी निकाला गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने हरियाणा के नतीजों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि लगातार तीसरी बार हरियाणा की जनता ने भाजपा के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री–प्रधानमंत्री मुलाकात

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली स्थित उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में नक्सल प्रभावित राज्यों की बैठक में नक्सल समस्या की समीक्षा की गई है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को बताया कि बीते नौ महीने में माओवाद के खिलाफ लगातार कार्यवाही की गई है। इसके साथ ही उन्होंने राज्य में हाल ही में हुए सफल नक्सल ऑपरेशन की जानकारी प्रधानमंत्री से साझा की। प्रधानमत्री ने इस ऑपरेशन की सफलता पर सुरक्षा बलों के साहस की सराहना की। मुलाकात के दौरान श्री साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आठ लाख आवास स्वीकृत किये जाने पर श्री मोदी का आभार व्यक्त किया। श्री साय ने बताया कि बस्तर और आदिवासी अंचलों में युवाओं के कौशल उन्नयन के लिए सरकार विशेष योजनाएं चला रही हैं। इनके तहत युवाओं को विभिन्न तकनीकी और व्यावसायिक प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं, जिससे वे उच्च शिक्षा प्राप्त कर रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें।

मुख्यमंत्री–केंद्रीय मंत्री मुलाकात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने नई दिल्ली प्रवास के दौरान आज शाम केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में विशेष आर्थिक क्षेत्र स्थापित करने की मांग की। उन्होंने कोरबा–बिलासपुर–रायपुर को नागपुर औद्योगिक कॉरिडोर से जोड़ने का भी प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री ने रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय एयर कार्गो की सुविधा उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे छत्तीसगढ़ से उत्पादों को निर्यात करने में आसानी होगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने राज्य में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद के सर्टिफिकेशन कार्यालय की स्थापना का मुद्दा भी उठाया। केंद्रीय मंत्री श्री गोयल ने आश्वस्त किया है कि छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास से संबंधित प्रस्तावों को जल्द मंजूरी दी जाएगी। उन्होंने इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

टीबी रोगी–सहायता राशि

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने क्षय रोगियों और उनके संपर्क में आने वाले परिजनों को अधिक पोषण उपलब्ध्ध कराने के लिए कई पहल की घोषणा की है। देश से क्षय रोग के उन्मूलन पर बल देते हुए श्री नड्डा ने कहा कि नि–क्षय पोषण योजना के अंतर्गत सभी टीबी रोगियों के लिए उपचार के दौरान मासिक पोषण सहायता पांच सौ रुपये से बढ़ाकर एक हजार रुपये कर दी गई है।

निकाय चुनाव–बैठक

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह की अध्यक्षता में आज नवा रायपुर में स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सामान्य प्रशासन और नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव तथा संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में राज्य निर्वाचन आयुक्त ने परिसीमन और आरक्षण की प्रक्रिया समय–सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की सत्यता की जांच करना जरूरी है, ताकि हर पात्र मतदाता अपने मताधिकार का सही तरीके से प्रयोग कर सके।

वायु सेना दिवस

भारतीय वायु सेना आज अपना स्थापना दिवस मना रही है। मुख्य कार्यक्रम चेन्नई के तांबरम एयरफोर्स स्टेशन पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर थल रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान ने झण्डा फहराया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वायुसेना दिवस के अवसर पर देश के साहसी वायु सैनिकों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वायु सेना के वीर योद्धाओं ने मातृभूमि की रक्षा के साथ विषम परिस्थितियों में नागरिकों की जान बचाने और देश में शांति–सौहार्द स्थापित करने में अपना उल्लेखनीय योगदान दिया है।

गुजरात पुलिस–दौरा

"एक भारत श्रेष्ठ भारत" अभियान के तहत गुजरात पुलिस का पन्द्रह सदस्यीय दल दुर्ग जिले के दौरे पर हैं। गुजरात से आए पुलिसकर्मियों को छत्तीसगढ़ पुलिस की कार्यशैली के बारे में बताया गया। टीम को पहले दिन दुर्ग संभाग के पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय का दौरा कराया गया और कार्य संचालन की जानकारी दी गई।

पुलिस महान निरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य दोनों राज्यों की पुलिस के बीच समन्वय स्थापित करना है।

माओवादी गिरफ्तार—आत्मसमर्पण

बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने चार माओवादियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड—डीआरजी और जिला पुलिस बल की संयुक्त टीम बंडलापाल, ईचामीपारा, भटवाड़ा और चिहका की ओर गश्त पर निकली थी। इसी दौरान सुरक्षा बलों ने चिहका के जंगल में चार संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

वहीं, बीजापुर जिले के भोपालपट्नम थाना क्षेत्र के अंतर्गत पोषणपल्ली गांव में माओवादियों ने मुखबिरी के शक में एक व्यक्ति की धारदार हथियार से हत्या कर दी है।

दंतेवाड़ा जिले में चार इनामी माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें से दो माओवादियों पर दो—दो लाख और दो अन्य माओवादियों पर एक—एक लाख रूपये का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादी दरभा डिवीजन के अंतर्गत कटेकल्याण, केरलापाल और मलांगेर एरिया कमेटी में सक्रिय थे। इन माओवादियों पर हत्या, मारपीट करने, पुलिस पार्टी पर हमला करने सहित कई आरोप हैं। आत्मसमर्पण करने वाले इन माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस—पच्चीस हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

सुकमा जिले के ग्राम पामलूर के जंगल में कल शाम पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में मारे गए एक नक्सली का शव बरामद कर लिया गया है। मारे गए माओवादी की पहचान लोकेश के रूप में हुई, जो कि किस्टाराम एरिया कमेटी का सदस्य था। इस माओवादी के शव के पास से हथियार भी बरामद किया गया है। बताया जाता है कि छह अक्टूबर को डीआरजी, बस्तर फाईटर, कोबरा बटालियन और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ग्राम डब्बाकोंटा, एंटापाड़, बुर्कलंका, पामलूर, सिंघनमड़गू और आस—पास क्षेत्र में सर्चिंग के लिए निकली हुई थी। इसी दौरान इनकी मुठभेड़ माओवादियों से हो गई।

गांजा—बरामद

गौरेला—पेंड्रा—मरवाही जिले में गांजा तस्करी करते हुए दो अंतर्राज्यीय तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से दो सौ बीस किलो गांजा बरामद किया गया है। जब्त गांजे की कीमत करीब इकतालीस लाख रूपये बताई गई है। आरोपी गांजे को ओडिशा से मध्यप्रदेश लेकर जा रहे थे, इसी दौरान पेंड्रा पुलिस ने पतगंवा के पास घेराबंदी कर इन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

कार्यशाला

छत्तीसगढ़ बायोटेक प्रमोशन सोसायटी द्वारा रायपुर में स्टार्टअप पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का शुभारंभ कल इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर गिरीश चंदेल ने किया। इस कार्यशाला में देश के जाने—माने विशेषज्ञ, स्टार्टअप स्थापित करने की रणनीति, संभावनाओं, शासकीय नीतियों, राज्य में उपलब्ध सुविधाओं और अनुदान तथा स्टार्टअप स्थापित करने में आने वाली कठिनाइयों और चुनौतियों के बारे में प्रतिभागियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार

–	राज्य शासन ने अब से कुछ देर पहले छह वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों की पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं।

–	राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने रायपुर के चंगोराभांठा स्थित मंदिर को दान में दी गई भूमि को कूटरचना कर भू–माफिया को बेचने के मामले में रायपुर कलेक्टर को एक सप्ताह के भीतर जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

–	मुंगेली जिले में कथित नाली घोटाले मामले में राज्य की पूर्व सरकार द्वारा बर्खास्त किए गए नगर पालिका अध्यक्ष संतूलाल सोनकर को उच्च न्यायालय ने उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए बर्खास्तगी के आदेश को निरस्त करते हुए उन्हें पुनः अध्यक्ष बनाने का आदेश पारित कर दिया है।

–	जशपुर जिले में पुलिस द्वारा उन्नीस अक्टूबर तक साईबर जन–जागरूकता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। पुलिस की टीम विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं और सामुदायिक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को साईबर ठगी से बचने के बारे में जागरूक कर रही हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>